# छत्तीसगढ़ शासन
## पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग
## ::मंत्रालय::
## महानदी भवन, नया रायपुर

क्रमांक/पंचा./पंग्राविवि/ग्रास्वअ/2018/198 नया रायपुर, दिनांक 07/04/2018

प्रति,

समस्त कलेक्टर,
जिला–छत्तीसगढ़

विषयः– राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल 2018 के अवसर पर ''विशेष ग्रामसभा'' आयोजन के संबंध में।

संदर्भ :– अपर सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार का अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक J-11011/26/2018-Media, April 5,2018 एवं J-11011/27/2018-Media, April 5,2018

---000---

भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2018 से 05 मई 2018 तक ग्राम स्वराज अभियान मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसके संबंध में विस्तृत निर्देश पूर्व मे जारी किये जा चुके है। इस कार्यक्रम में दिनांक 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस का आयोजन किया जाना है। **माननीय प्रधानमंत्री इस अवसर पर देश के सभी ग्रामसभाओं को संबोधित करेंगें।**

2.– इस अवसर पर 21 अप्रैल से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाय जिसका समापन सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को विशेष ग्रामसभा के आयोजन से होगा।

3.– 24 अप्रैल को विशेष ग्रामसभा का उपयोग जीपीडीपी को स्थानीय विकास की योजना बनाने मे महत्व के संबंध में वातावरण निर्माण के लिए किया जाय।

4.– 24 अप्रैल को आयोजित ग्रामसभा का उपयोग उन विषयों के लिए योजना निर्माण के लिए किया जाय जो पंचायत आगामी 05 वर्षो के रिकार्ड के लिए महत्वपूर्ण है जैसे–कमजोर वर्गो का कल्याण, जेण्डर समानता, टीकाकरण, स्वास्थ्य, कुपोषण, जल संवर्धन एवं ग्राम का सामाजिक एवं आर्थिक विकास।

5.– 24 अप्रैल से आयोजित की जाने वाली ग्रामसभा में निम्नानुसार कार्य किये जाये।

(1) प्रारंभिक गतिविधियां जैसे–
- प्रभातफेरी।
- स्वच्छता कार्यक्रम।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम।
- ग्रामीण खेलकूद कार्यक्रम।

(2) ग्रामसभा में चर्चा के विषयः–
- स्थानीय आर्थिक विकास हेतु ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान), स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा से विशेष रूप से अभिसरण किया जायेगा।
- ग्राम पंचायत में निधियों का समुचित उपयोग।
- स्वच्छता एवं पेयजल।
- ग्रामीण विकास में महिलाओं की भूमिका।
- ग्राम पंचायत के स्वयं के आय में वृद्धि हेतु प्रयास।

(3) 73 वें संविधान संशोधन एवं पंचायती राज में 24 अप्रैल के महत्व पर चर्चा।

(4) राज्य द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर दिये गये सुझाव अनुसार ग्रामसभा में चर्चा।

(5) महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं पर (परिशिष्ट 01 मे दर्शित) विशेष ग्रामसभा में चर्चा।

(6) सभी ग्रामसभा के सदस्य गांव एवं देश के विकास हेतु संकल्प लेंगे।

(7) ग्राम पंचायतों के आगामी पॉच वर्षों के विकास योजनाओं पर ग्रामसभा में चर्चा होगी, तथा इस संबंध मे ग्रामसभा यदि कोई विशेष प्रस्ताव पारित करती है तो उनका एकीकरण तथा उनका एकत्रीकरण किया जावे, इन योजनाओं के प्रगति की समीक्षा हेतु विशेष रूप से चर्चा की जायेगी।

(8) ग्राम पंचायत के विकास हेतु महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों को ग्रामसभा में सम्मानित किया जायेगा।

(9) ग्रामसभाओं में महिला अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित् करने हेतु विशेष प्रयास किये जाय। इस हेतु ग्रामसभाओं में विशेष योजना बनाया जावे तथा व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय।

(10) 24 अप्रैल से होने वाली विशेष ग्रामसभा की सफलता हेतु निम्न व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित् करें–

- सभी संबंधित विभागो के जिला स्तरीय अधिकारियों को ग्रामसभाओं मे अनिवार्यत शामिल होने हेतु निर्देशित किया जाय।
- प्रत्येक ग्रामपंचायत हेतु एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाय। जिसे ग्रामसभा के आयोजन तथा ग्रामसभा के पश्चात् कार्यवाही विवरण जारी होने तक की संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाय।
- ग्रामसभाओं मे ग्रामीण स्तर के सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी, महिला स्व. सहायता के सदस्य, युवा मण्डल के सदस्य, वन सुरक्षा समिति, ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को शामिल किया जाय।
- क्षेत्र के माननीय सांसद/विधायक/जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्य/जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्य को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाय।
- ग्रामसभा की बैठक एवं सम्पूर्ण कार्यवाही का विडीयोग्राफी कराई जाय, तथा फोटोग्राफ्स लिये जाय। उक्त फोटोग्राफ्स एवं विडियो को पंचायत राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित वेबसाईट मे अपलोड करे साथ ही फोटोग्राफ/वीडियो दिनांक 07 मई 2018 के भीतर पंचायत संचालनालय को उपलब्ध करावें। इस कार्य हेतु जिला स्तर पर पृथक से एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाय एवं एक प्रकोष्ठ का गठन किया जाय।
- ग्रामीण विकास में जनभागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु शासकीय योजनाओं की जानकारियों को ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावे। इस हेतु ग्राम पंचायत के सहज दृश्य स्थलो एवं ग्राम पंचायत भवन में संलग्न (परिशिष्ठ–02 मे दर्शित) अनुसार योजनाओं का फ्लेक्स, फोटोग्राफ्स, दीवार लेखन कार्य कराया जाय।

उपरोक्त निर्देशानुसार आयोजन की तैयारी करते हुए कृत कार्यवाही से अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से अवगत करावे।

**संलग्न :– यथोपरि**

Mandal 07/4/18

**(आर.पी. मण्डल)**
**अपर मुख्य सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग**

**क्रमांक/पंचा./पंग्राविवि/ग्रास्वअ/2018/99** **नया रायपुर, दिनांक 07/04/2018**

**प्रतिलिपि :–**

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय, नया रायपुर।
2. विशेष सहाय, माननीय मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ।
3. सचिव, भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय का पत्र क्रमांक J-11011/26/2018-Media, April 5, 2018 **एवं** J-11011/27/2018-Media, April 5,2018 संदर्भ मे सूचनार्थ।
4. उपसचिव, मुख्य सचिव, कार्यालय छत्तीसगढ़ शासन को सूचनार्थ।
5. आयुक्त/संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. आयुक्त, मनरेगा, प्रबंध संचालक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन/संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)/अपर विकास आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. संचालक, पंचायत संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

Mandal 07/4/18

**अपर मुख्य सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग**

परिशिष्ट– 01

# प्रमुख योजनाओं की सूची

| कमांक | प्रमुख योजना |
|---|---|
| 1 | महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) |
| 2 | दीनदयाल अंत्योदय योजना |
| 3 | दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना |
| 4 | प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) |
| 5 | राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) |
| 6 | प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई) |
| 7 | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण |
| 8 | राष्ट्रीय पेयजल स्वच्छता कार्यक्रम |
| 9 | प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना |
| 10 | दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना |
| 11 | श्यामाप्रसाद मुखर्जी रूर्बन योजना |
| 12 | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना |
| 13 | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन |
| 14 | सर्व शिक्षा अभियान |
| 15 | एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम |
| 16 | मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम |
| 17 | प्रधानमंत्री उज्जवला योजना |
| 18 | प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना |
| 19 | डिजिटल इंडिया |
| 20 | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना |
| 21 | मृदा स्वास्थ्य परीक्षण |
| 22 | प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना |
| 23 | बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ |

परिशिष्ट–02

# ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी

## 1. 14वें वित्त आयोग

| वर्ष 2017–18 | | वर्ष 2018–19 |
|---|---|---|
| प्राप्त मूल अनुदान | प्राप्त कार्य निष्पादन अनुदान | मूल अनुदान |
| | | |
| लिये जा रहे कार्य | | कराये जाने वाले कार्य |
| | | |

## 2. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण– प्रत्येक पात्र हितग्राही 1.20 लाख रूपये (दुर्गम क्षेत्र के हितग्राहियों को 1.30 लाख रूपये) आवास बनाने हेतु सहायता राशि प्राप्त करेगा।

1. पात्र हितग्राहियों की सूची।
2. वित्तीय वर्ष 2017–18 मे स्वीकृत आवासो की संख्या।
3. वित्तीय वर्ष 2017–18 मे पूर्ण आवासो की संख्या।
4. प्रथम किस्त देने की तिथि।
5. द्वितीय किस्त देने की तिथि।
6. तृतीय किस्त देने की तिथि।

## 3. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

1. स्व. सहायता समूह मे जुड़े परिवारो की संख्या।
2. स्व. सहायता समूह गठन की संख्या।
3. स्व. सहायता समूहों की संख्या जिनके व्यक्तिगत खाता है।
4. स्व. सहायता समूहों की संख्या जिनके बचत बैंक खाता है।
5. ग्राम संगठनो की संख्या।
6. सामुदायिक श्रोत व्यक्तियों की संख्या।

## 4. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना

1. कौशल पंजी में दर्ज अभ्यर्थियों की संख्या।
2. जिले एवं ब्लाक में स्थित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना केन्द्रो की जानकारी (नोडल अधिकारी के मोबाईल नम्बर सहित)
3. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में संचालित ट्रेड एवं कोर्स की सूची।
4. निकट भविष्य में यदि कोई प्रशिक्षण कैलेण्डर प्रारंभ हो रहा है उसकी जानकारी।
5. वित्तीय वर्ष 2017–18 के प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत से शामिल अभ्यर्थियों की संख्या।
6. वित्तीय वर्ष 2017–18 में प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके अभ्यर्थियों की संख्या।

## 5. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना

1. अधिसूचित मजदूरी दर
2. कुल जारी किये गये जॉब कार्डो की संख्या।
3. सक्रिय जॉब कार्ड की संख्या।
4. सक्रिय मजदूरों की संख्या।
5. सृजित मानव दिवस की संख्या।
6. परिवार को उपलब्ध कराये गए औसत रोजगार दिवसो की संख्या।
7. 100 दिवस का रोजगार प्राप्त परिवारो की संख्या।
8. लिये गये कार्यो की संख्या।
9. पूर्ण कार्यो की संख्या।

10. प्रगतिरत कार्यो की संख्या।
11. कुल व्यय राशि
12. मजदूरी पर व्यय राशि
13. सामग्री पर व्यय राशि।

6. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम

| जानकारी | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना |
|---|---|---|---|
| कुल पेंशनरो की संख्या | | | |
| पुरूष/महिला/अन्य | | | |
| वित्तीय वर्ष 2017–18 में ग्राम पंचायत में कुल वितरीत पेंशन राशि | | | |